पत्र संख्या-स्था-5(ग) लेखाकार एवं लेखा परीक्षा सूचना पत्रावली-2021-22// 4959 //वाणिज्य कर

**कार्यालय-कमिश्नर, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश**
**(स्थापना अराजपत्रित अनुभाग)**
**लखनऊ :: दिनांक 24 जनवरी, ~~2021~~ 2022**

**समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर**
**वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।**

**विषयः-** **मानव सम्पदा पोर्टल पर लेखा, लेखा परीक्षा एवं सहायक लेखाधिकारी संवर्ग के कार्मिकों के विवरण फीड किये जाने के सम्बन्ध में।**

कृपया उपरोक्त विषयक मुख्यालय के पत्र संख्या-स्था-5(ग)-लेखाकार एवं लेखा परीक्षा सूचना पत्रावली-2021-22//238// वाणिज्य कर, दिनांक 16-04-2021 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से निदेशक, आन्तरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा, उत्तर प्रदेश के पत्र संख्या-आ0ले0प0-5866/अधि0/मानव सम्पदा पोर्टल/2018, लखनऊ दिनांक 04-03-2021 की प्रति संलग्न कर प्रेषित करते हुए विभाग के अन्तर्गत आने वाले समस्त कार्यालयों में तैनात लेखा संवर्ग, लेखा परीक्षा संवर्ग तथा सहायक लेखाधिकारी संवर्ग के समस्त कार्मिकों का डाटा मानव सम्पदा पोर्टल पर फीड कराते हुए तत्काल सूचना निदेशालय द्वारा दिये गये निर्धारित प्रारुप में उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा की गयी है, किन्तु वांछित सूचना अभी तक अप्राप्त है।

पुनः निदेशालय का पत्र संख्या-आ0ले0प0-392//अधि0/मानव सम्पदा पोर्टल/2018, लखनऊ दिनांक 10-12-2021 एवं पत्र संख्या आ0ले0प0-4044/अधि0/मानव सम्पदा पोर्टल/2021, लखनऊ दिनांक 17-12-2021 प्राप्त हुआ है, जिसके माध्यम से उनके द्वारा कहा गया है कि विभागों/कार्यालयों के स्तर पर मानव सम्पदा पोर्टल पर फीडिंग में कतिपय त्रुटियाँ विद्यमान है, जिसके कारण फीड किये गये कार्मिकों का डाटा आन्तरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा निदेशालय में दृष्टिगत नहीं हो पा रहा है।

अतः निदेशालय के उपरोक्त दोनों पत्रों की छायाप्रतियाँ इस पत्र के साथ संलग्न कर इस आशय से प्रेषित की जा रही है कि कृपया अपने जोन/सम्भाग में तैनात लेखा संवर्ग, लेखा परीक्षा संवर्ग तथा सहायक लेखाधिकारी सवर्ग के समस्त कार्मिकों का डाटा निदेशालय के उपरोक्त पत्रों में दिये गये निर्देशानुसार मानव सम्पदा पोर्टल पर फीड कराने के उपरान्त पत्र में दिये गये निर्धारित प्रारुप में वांछित सूचना संकलित करके यथाशीघ्र इस कार्यालय को उपलब्ध कराये जाने का कष्ट करें, ताकि निदेशालय को वांछित सूचना प्रेषित की जा सके। **सूचना प्रेषित करते समय यह भी ध्यान में रखा जाये कि सूचना पूरे जोन/सम्भाग से संकलित करके जोनल एडीशनल कमिश्नर के माध्यम से मुख्यलय प्रेषित किया जाना है।**

**संलग्नकः-उपरोक्तानुसार।**

**(सुधा वर्मा)**
**एडीशनल कमिश्नर, वाणिज्य कर,**
**प्रभार-एडीशनल कमिश्नर (प्रशासन) वाणिज्य कर**
**उत्तर प्रदेश, लखनऊ।**

**पृष्ठांकन पत्र संख्या एवं दिनांक उक्त।**

**प्रतिलिपि-**एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-2 (आई0टी0) वाणिज्य कर, मुख्यालय, लखनऊ को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड कराये जाने हेतु।

24/01/2022

**एडीशनल कमिश्नर (प्रशासन) वाणिज्य कर**
**उत्तर प्रदेश, लखनऊ।**

महत्वपूर्ण/प्राथमिकता

प्रेषक,

निदेशक,
आन्तरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा, उ0प्र0,
510/217, नया हैदराबाद,
लखनऊ

Add·Com·(प्रशा0)
A
कृते कमिश्नर
22·12·2021

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष,
उ0प्र0,......................

संख्या– आ0ले0प0– 4044/अधि0/मानव सम्पदा पोर्टल/2021, लखनऊ : दिनॉक 17 दिसम्बर, 2021

विषय– मानव सम्पदा पोर्टल पर लेखा, लेखा परीक्षा एवं सहायक लेखाधिकारी संवर्ग के कार्मिकों के विवरण फीड/संशोधन किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक इस निदेशालय के पत्र संख्या–आ0ले0प0–5866/अधि/मानव सम्पदा पोर्टल/2018, दिनांकः 04.03.2021, पत्र संख्या–आ0ले0प0–6460/अधि/मानव सम्पदा पोर्टल/2018, दिनांकः 25.03.2021, पत्र संख्या– आ0ले0प0– 1948/अधि/मानव सम्पदा पोर्टल/2018, दिनांकः 06.07.2021, संख्या–आ0ले0प0–3640/अधि/मानव सम्पदा पोर्टल/2018, दिनांकः 23.11.2021 एवं पत्र संख्या–आ0ले0प0–3921/अधि/मानव सम्पदा पोर्टल/2018, दिनांकः 10.12.2021 का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा मानव सम्पदा पोर्टल में आपके अधीनस्थ मुख्यालय/मण्डल/जनपदीय कार्यालयों में कार्यरत लेखा, लेखा परीक्षा संवर्ग एवं सहायक लेखाधिकारी संवर्ग के कार्मिको का सेवा विवरण फीड कराने की अपेक्षा की गयी थी।

आपके अधीनस्थ मुख्यालय/मण्डल/जनपदीय कार्यालयों में कार्यरत लेखा, लेखा परीक्षा संवर्ग एवं सहायक लेखाधिकारी संवर्ग के कार्मिको का सेवा विवरण मानव सम्पदा पोर्टल पर फीडिंग उपरान्त कतिपय त्रुटियॉ होने के कारण फीड किये गये कार्मिकों का डाटा आन्तरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा निदेशालय में मानव सम्पदा पोर्टल पर दृष्टिगत नहीं हो रहा है।

दिनांकः 16.12.2021 को सचिव, वाहय सहायतित परियोजना, उ0प्र0, शासन की अध्यक्षता में हुई बैठक में विशेष बल देते हुए निर्देश दिये गये है कि विभिन्न विभागों में लेखा, लेखा परीक्षा एवं सहायक लेखाधिकारी संवर्ग के कार्यरत कामिकों का सेवा सम्बन्धी विवरण विभागों से मानव सम्पदा पोर्टल पर फीडिंग का कार्य 15 दिनों में शत प्रतिशत पूर्ण कराकर आगामी बैठक में प्रगति से अवगत कराया जाय।

34201

उदाहरण स्वरूप एक कार्मिक का फीडिंग प्रारूप (प्रारूप संलग्न) एवं निदेशालय के पत्र संख्या–आ0ले0प0–3921/अधि/ मानव सम्पदा पोर्टल/2018, दिनांकः 10.12.2021 की प्रति संग्लन कर आपसे पुनः अनुरोध है कि उक्त प्रारूप एवं पत्र में उल्लिखित बिन्दुओं को दृष्टिगत रखते हुए अपने अधीनस्थ मुख्यालय/मण्डल/जनपदीय कार्यालयों इस इस आशय से निर्देश जारी करने का कष्ट करें, कि उनके अधीनस्थ कार्यरत लेखा, लेखा परीक्षा संवर्ग एवं सहायक लेखाधिकारी संवर्ग के कार्मिको का सेवा विवरण मानव सम्पदा पोर्टल पर

डी॰ओ॰ (प्रशा॰)
23-12.2021 1347

फीडिंग/त्रुटियॉ संशोधित कराने का कष्ट करें। इसके साथ ही कार्मिक का डेटा फीड करते समय सम्पूर्ण सेवा इतिहास अनिवार्य रूप से भरा जाये।

कार्यरत लेखाकार/सहायक लेखाकार एवं सहायक लेखाधिकारियों का सेवा विवरण मानव सम्पदा पोर्टल पर डाटा फीडिंग/त्रुटियॉ संशोधित करने में किसी जानकारी हेतु इस निदेशालय के लेखाकार श्री यदुवेश चतुर्वेदी से उनके मोबाईल नं0–9450000532 एवं 8318766201 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

संलग्नकः यथोपरि।

भवदीय,

(शिव पूजन सिंह)

निदेशक।

पृष्ठांकन संख्या– आ0ले0प0– /अधि0/मानव सम्पदा पोर्टल/2021, तद्दिनॉक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– सचिव, वाह्य सहायतित परियोजना, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।

2– अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, मण्डलीय कार्यालय................................ को इस आशय से प्रेषित कि अपने मण्डल में तैनात समस्त लेखाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर मानव सम्पदा पोर्टल पर कार्मिकों की feeding तत्काल पूर्ण कराने हेतु निर्देशित करें।

3– समस्त वरिष्ठ/मुख्य कोषाधिकारी, उ0प्र0 को इस आशय से प्रेषित कि दिनांकः 16.12.2021 को सचिव, वाह्य सहायतित परियोजना, उ0प्र0, शासन की अध्यक्षता में हुई बैठक में निर्देश दिये गये है कृपया अपने स्तर से विभिन्न विभागों/कार्यालयों के वेतन बिल पारण के समय इस आशय का प्रमाण पत्र आहरण एवं वितरण अधिकारी से ले लिया जाय कि उनके द्वारा पारित कराये जा रहे वेतन बिल में अंकित लेखा, लेखा परीक्षा एवं सहायक लेखाधिकारी संवर्ग के कार्मिकों का सेवा विवरण का डाटा मानव सम्पदा पोर्टल पर फीड करा दिया गया है/त्रुटियॉ संशोधित करा दी गयी है।

निदेशक।

## Section - G (FORM-7:Transfer Posting Details)

| | <----------------Joining Details----------------> | | | | | <---------Relieving Details-------> | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| SrNo | Order No. | District | Joining-Office | Designation | Joining Date | Order No. | To District | To Office | To Designation | Relieving Date |
| 1 | 1428 | LUCKNOW | SRAO LUCKNOW (FCS) | ASSISTANT ACCOUNTANT | 02 May 2003 | 646/45 | GONDA | RAO DEVIPATAN(FCS) | ACCOUNTANT | 01 Jul 2008 |
| 2 | 646/45 | GONDA | RAO DEVIPATAN (FCS) | ACCOUNTANT | 01 Jul 2008 | 198/4225 | LUCKNOW | SRAO LUCKNOW(FCS) | ACCOUNTANT | 26 Jun 2015 |
| 3 | 198/4225 | LUCKNOW | SRAO LUCKNOW (FCS) | ACCOUNTANT | 27 Jun 2015 | 526 | KANPUR NAGAR | SRAO KANPUR(FCS) | ACCOUNTANT | 29 Jul 2015 |
| 4 | 526 | KANPUR NAGAR | SRAO KANPUR (FCS) | ACCOUNTANT | 02 Jul 2015 | 962/4225 | LUCKNOW | SRAO LUCKNOW(FCS) | ACCOUNTANT | 30 Jun 2016 |
| 5 | 962/4225 | LUCKNOW | SRAO LUCKNOW (FCS) | ACCOUNTANT | 02 Jul 2016 | | | | | |

## Section - H (FORM-8(A):Financial Detail)

| Transaction | Order Number<br>Order Date | From Designation<br>From Office | Effective Date | Pay Commision<br>Pay Band | Pay Scale<br>Grade Pay | Basic Pay |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Initial Appointment Order | 1428<br>02 May 2003 | ASSISTANT ACCOUNTANT<br>SRAO LUCKNOW | 02 May 2003 | 5th Pay Commission<br>- | 4500-125-7000<br>N.A. | 4500 |

Remarks:

| Transaction | Order Number<br>Order Date | From Designation<br>From Office | Effective Date | Pay Commision<br>Pay Band | Pay Scale<br>Grade Pay | Basic Pay |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ACP | 195/4308<br>24 Apr 2017 | ACCOUNTANT<br>SRAO LUCKNOW | N.A. | 7th Pay Commission<br>- | Pay Level 7 44900-142400<br>N.A. | 53600 |

Remarks:

## Section - H (FORM-8(B):Employee Sevice History/Transaction Detail)

| Transaction | Order Number<br>Order Date | From State<br>To State | From Department<br>To Department | From Office<br>To Office | From Designation<br>To Designation | Pay Commision<br>Pay Scale | Pay Band<br>Grade Pay | Basic Pay |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Appointment by Promotion | 1147<br>21 Jul 2006 | UTTAR PRADESH<br>- | FOOD AND CIVIL SUPPLIES<br>- | SRAO LUCKNOW | ACCOUNTANT<br>- | 6th Pay Commission<br>- | PB-2<br>4200 | 10230 |

Remarks:

## Section - I (FORM-9:Leave Details)

शीर्ष प्राथमिकता

प्रेषक,

निदेशक,
आन्तरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा, उ०प्र०
510/217, नया हैदराबाद, लखनऊ।

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष,
उत्तर प्रदेश।
समस्त वित्त नियंत्रक,
उत्तर प्रदेश।

पत्रांक- आ०ले०प०-3921 / अधि०/मानव सम्पदा पोर्टल/2018, लखनऊ : दिनांक 10 · 12 · 2021

विषय : मानव सम्पदा पोर्टल पर लेखा, लेखा परीक्षा एवं सहायक लेखाधिकारी संवर्ग के कार्मिकों के विवरण फीड/संशोधन किये जाने के सम्बन्ध में ।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक इस निदेशालय के पत्र संख्या- आ०ले०प०-5866/अधि०/मानव सम्पदा पोर्टल/2018 दिनांक 04-03-2021, पत्र संख्या आ०ले०प०-6460/अधि०/मानव सम्पदा पोर्टल/2018 दिनांक 25-03-2021, पत्र संख्या आ०ले०प०-1948/अधि०/मानव सम्पदा पोर्टल/2018 दिनांक 16-07-2021 एवं पत्र संख्या आ०ले०प०-3640/अधि०/मानव सम्पदा पोर्टल/2018 दिनांक 23-11-2021 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा मानव सम्पदा पोर्टल में आपके विभाग के अंतर्गत आने वाले समस्त कार्यालयों में तैनात लेखा, लेखा परीक्षा एवं सहायक लेखाधिकारी संवर्ग के कार्मिकों के सेवा विवरण फीड कराने की अपेक्षा की गयी थी।

संज्ञान में आया है कि विभागों/कार्यालयों के स्तर पर मानव सम्पदा पोर्टल पर फीडिंग में कतिपय त्रुटियाँ विद्यमान हैं, जिसके कारण फीड किये गए कार्मिकों का डाटा आन्तरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा निदेशालय में दृष्टिगत नहीं हो रहा है।

अतः आपसे अनुरोध है कि अपने अधीनस्थ कार्यालयों को इस आशय के निर्देश जारी करने का कष्ट करें कि अपने कार्यालय में फीड किये गए डाटा को निम्नानुसार पुनः चेक कर संशोधन, यदि त्रुटि हो, कर लें तथा जहाँ पर अभी तक डाटा फीड नहीं किया गया है, निम्न विवरण के अनुसार डाटा फीड करें:-

| क्रम सं0 | भाग | शीर्षक | विवरण, जो भरा जाना है |
|---|---|---|---|
| 1 | Parent Establishment Detail of Employee (Cadre Controlling Office) | Establishment Office | Department - Finance<br>Organisation – Internal Accounts and Audit<br>Office State- Uttar Pradesh<br>Offiec District- Lucknow<br>Office- Internal Accounts and Audit |
| 2 | Section-1 | Cadre | 1- AAO Cadre (सहायक लेखाधिकारी के लिए)<br>2- Accounts Cadre (लेखाकार/ सहायक लेखाकार के लिए )<br>3- Audit Cadre (वरिष्ठ लेखा परीक्षक/ लेखा परीक्षक के लिए) |
| 3 | Section-2 | Current Posting Office | जिस कार्यालय में कार्मिक की तैनाती है, उसका विवरण |
| 4 | | Current Designation | Asstt Accounts Officer/ Asstt Accountant/ Accountant/Auditor/ Sr Auditor के अतिरिक्त कोई अन्य पद न भरा जाए |

उप० कोष० (प्र०)

3562

स्था० 5 (ए)

कोषाधिकार 30·12·21 for ACCT (A) 31·12·21/1388

डाटा फीड करने में किसी जानकारी हेतु इस निदेशालय के लेखाकार श्री यदुवेश चतुर्वेदी से उनके नंबर 9450000532 एवं 8318766201 पर वार्ता की जा सकती है।

2- इसके साथ ही लेखा, लेखा परीक्षा एवं सहायक लेखाधिकारी संवर्ग के कार्मिकों के सम्बन्ध में सूचना निम्न प्रारूप पर विभागीय मुख्यालय स्तर पर संकलित करके इस निदेशालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें तथा यह भी निर्देश जारी करने का कष्ट करें कि उपरोक्त कार्मिकों के सम्बन्ध में किसी भी पत्र व्यवहार पर मानव सम्पदा ID क्रमांक का उल्लेख अवश्य किया जाए :-

| क्र0 सं0 | कार्मिक का नाम | पदनाम | ज्येष्ठता क्रमांक | मानव सम्पदा ID संख्या | कार्यरत विभाग का नाम | कार्यरत कार्यालय का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |

3- अपने विभाग के समस्त कार्यालयों, जहाँ लेखा, लेखा परीक्षा एवं सहायक लेखाधिकारी संवर्ग के पद सृजित हैं, का email ID- MS Word पर इस निदेशालय के email address- dia.upfinance@gmail.com पर प्रेषित कराने का भी कष्ट करें।

अतः कृपया उपर्युक्त तीनों बिन्दुओं पर कार्यवाही पूर्ण कराने हेतु आवश्यक निर्देश निर्गत करने का कष्ट करें।

भवदीय

(शिव पूजन सिंह)
निदेशक

पत्रांक- आ०ले०प०- / अधि०/मानव सम्पदा पोर्टल/2018 तददिनांक

प्रतिलिपि विशेष सचिव, वित्त (सेवाएँ) अनुभाग-1, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

निदेशक